भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 2227

गुरूवार, 16 दिसम्बर, 2021/25 अग्रहायण, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

'एक धरोहार गोद लें' परियोजना का क्रियान्वयन

2227. श्री महेश पोद्दार:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 'एक धरोहर गोद लें- अपनी धरोहर, अपनी पहचान परियोजना के अंतर्गत कितने धरोहर स्थलों को गोद लिया गया है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) इस परियोजना के अंतर्गत सफलतापूर्वक कितना निजी निवेश किया गया है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इस परियोजना की शुरूआत से अब तक इन धरोहर स्थलों से कितना राजस्व प्राप्त किया गया है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा इस परियोजना का दायरा और अधिक स्थलों तक बढ़ाने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): इस परियोजना के अंतर्गत पूरे भारत में सत्ताईस स्थलों और 2 तकनीकी हस्तक्षेपों के लिए 15 स्मारक मित्रों को 29 समझौता ज्ञापन (एमओयू) प्रदान किए गए हैं। एक विरासत को अपनाएं परियोजना के तहत हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों (एमओयू) की सूची **अनुबंध** में दी गई है।

(ख) से (ग): इस परियोजना के माध्यम से सरकार/पर्यटन मंत्रालय सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र की कंपनियों, ट्रस्ट, गैर सरकारी संगठनों, निजी व्यक्तियों तथा अन्य हितधारकों को 'स्मारक मित्र' बनने और अपनी रूचि तथा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत एक स्थाई निवेश मॉडल के रूप में व्यवहार्यता के अनुसार इन स्थलों में आधारभूत और उन्नत पर्यटक सुविधाओं का विकास और उन्नयन करने की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रोत्साहित करती है।

(घ): इस परियोजना के तहत, रोड शो, हितधारक परामर्श बैठकें तथा वार्षिक कार्यक्रम जैसे भारत पर्व तथा पर्यटन पर्व के माध्यम से परियोजना का संवर्द्धन किया गया है। परियोजना के तहत सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र, ट्रस्टों, गैर सरकारी संगठनों, निजी व्यक्तियों को स्मारक मित्र बनने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए एडॉप्ट ए हेरिटेज वेबसाइट पर डिजिटल माध्यमों के माध्यम से प्रचार भी किया गया है। इसके अलावा, मंत्रालय राज्य के संरक्षित स्मारकों के साथ-साथ परियोजना के कवरेज का विस्तार करने के लिए राज्य पर्यटन और राज्य पुरातत्व एवं अभिलेखागार विभागों के साथ भी काम कर रहा है।

****

अनुबंध

''एक विरासत अपनाएं'' योजना के सम्बन्ध में दिनांक 16.12.2021 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 2227 के भाग (क) के उत्तर में **विवरण**

किए गए समझौता ज्ञापनों (एमओयू) की सूची

क्र. सं.	स्थल का नाम	राज्य / संघ राज्य क्षेत्र	एजेंसी का नाम (स्मारक मित्र)
1	गंगोत्री मंदिर क्षेत्र और गौमुख तक पगडंडी	उत्तराखंड	एडवेंचर टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ATOAI)
2	लाल किला	दिल्ली	डालमिया भारत लि.
3	गंडिकोटा का किला	आंध्र प्रदेश	डालमिया भारत लि.
4	सूरजकुंड	हरियाणा	ब्लिस इन (इंडिया) प्रा. लि. (V-रिसॉर्ट्स)
5	जंतर मंतर	दिल्ली	एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स (प्रा) लि.
6	अजंता की गुफाएं	महाराष्ट्र	यात्रा ऑनलाइन प्रा. लि.
7	कुतुब मीनार	दिल्ली	यात्रा ऑनलाइन प्रा. लि.
8	हम्पी तथा हजारा राम मंदिर	कर्नाटक	यात्रा ऑनलाइन प्रा. लि.
9	लेह पैलेस	जम्मू और कश्मीर	यात्रा ऑनलाइन प्रा. लि.
10	प्रतिष्ठित स्थेलों पर बहुभाषी ऑडियो गाइड का विकास	i. आमेर का किला राजस्थाठन ii. महाबोधी मंदिर, बिहार iii. चांदनी चौक, दिल्ली iv. सोमनाथ, गुजरात	रेज़बर्ड टेक्नोलॉजीज प्रा. लि. (बर्ड हेरीटेज फाउन्डेशन)
11	प्रतिष्ठित स्थगलों पर बहुभाषी ऑडियो गाइड का विकास (एएसआई स्मारक)	i. ढोलावीरा, गुज़रात ii. हुमायूँ का मकबरा ,दिल्ली iii. लाल किला, दिल्ली iv. पुराना किला, दिल्ली v. फतेहपुर सीकरी, आगरा vi. ताज महल, आगरा vii. महाबलिपुरम, तमिलनाडु	रेज़बर्ड टेक्नोलॉजीज प्रा. लि. (बर्ड हेरीटेज फाउन्डेशन)

		viii. खजुराहो ,मध्य प्रदेश	
12	अब्दुर रहीम खान -इ-नाखा	दिल्ली	इंटरग्लोब फाउंडेशन
13	बेकल किला	केरल	दृष्टि लाइफसेविंग प्रा.लि.
14	चंपानेर-पावागढ़ पुरातत्विक पार्क	गुजरात	अक्षर ट्रैवल्स प्रा. लि.
15	रानी की वाव, पाटन	गुजरात	अक्षर ट्रैवल्स प्रा. लि.
16	सूर्य मंदिर, मोढेरा	गुजरात	अक्षर ट्रैवल्स प्रा. लि.
17	बौद्ध गुफाएं, उपरकोट, जूनागढ़	गुजरात	अक्षर ट्रैवल्स प्रा. लि.
18	गोल गुम्बद	दिल्ली	रेज़बर्ड टेक्नोलॉजीज प्रा. लि.
19	अगुआडा किला	गोवा	(बर्ड हेरीटेज फाउन्डेशन)
20	कृष्णा मंदिर, हम्पी	कर्नाटक	दृष्टि लाइफसेविंग प्रा.लि.
21	हाथी खाना, हम्पी	कर्नाटक	हेरिटेज रिसॉर्ट्स, हम्पी
22	पट्टाभिराम मंदिर, हम्पी	कर्नाटक	(इंडो एशिया लैज़र सर्विसेज लि.की एक इकाई)
23	जनाना बाग (कमल महल), हम्पी	कर्नाटक	ऑरेंज काउंटी रिसॉर्ट्स और होटल्स लि.
24	उग्र नरसिंम्हा मंदिर, हम्पी	कर्नाटक	होटल मल्लीगी प्रा. लि.
25	बड़विलिंग मंदिर, हम्पी	कर्नाटक	होटल मल्लीगी प्रा. लि.
26	बड़ा लाव का गुम्बद	दिल्ली	बर्ड हेरिटेज फाउंडेशन
27	मडोर किला	राजस्थान	मेहरनगढ़ म्यूज़ियम ट्रस्ट
28	दारा शिकोह पुस्तकालय भवन	दिल्ली	कला और सांस्कृतिक विरासत ट्रस्ट (टीएएसीएचटी) और संग्रहालय एवं कला परामर्श (एमएसी)
29.	नारायणकोटि मंदिर	उत्तराखंड	सामाजिक कानूनी अनुसंधान तथा शिक्षा फाउंडेशन

****